// प्रेस विज्ञप्ति //

दिनांक 14 अगस्त, 2022

पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत खेलकूद एवं योग प्रकोष्ठ निदेशक, के नेतृत्व में विशिष्ट स्टेडियम में आज 100-200 व 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत खेलकूद एवं योग प्रकोष्ठ निदेशक, प्रो. नागेन्द्र यादव जी के नेतृत्व में विशिष्ट स्टेडियम में आज प्रातः 6:00 बजे 100-200 एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक, प्रो. नागेन्द्र यादव ने बताया कि 100 एवं 200 मीटर की दौड़ में समावेशी छात्र / छात्राएं,तथा 400 मीटर की दौड़ में व्हीलचेयर एवं ट्राईसाइकिल छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें 100 मीटर समावेशी छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता में एम. ए. चौथे सेमेस्टर की छात्रा ममता यादव को गोल्ड मेडल, एम. काम द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रांजल वर्मा को सिल्वर मेडल व बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कनक सिंह (O.H.) को कांस्य पदक इसी क्रम में 100 मीटर समावेशी छात्रों की दौड़ प्रतियोगिता में बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र तबरेज सिद्दीकी को गोल्ड मेडल, बी. एड. (दृष्टिबाधित)तृतीय सेमेस्टर के छात्र उज्जवल प्रताप सिंह को सिल्वर मेडल एवं एम. ए. इतिहास द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अभिनव कुमार (OH) को कास्य पदक से सम्मानित किया गया। मई, 2022 को हुए टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जीते छात्रों एवं आज की दौड़ प्रतियोगिता में जीतने वाले छात्र व छात्राओं को कल 15 अगस्त, 2022 को ध्वजारोहण के उपरांत माननीय कुलपति महोदय द्वारा मेडल प्रदान किया जाएगा।

// प्रेस विज्ञप्ति 2 //

दिनांक 14 अगस्त, 2022

<u>पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में (12-15 अगस्त तक) तीसरे दिन प्रभात फेरी का आयोजन।</u>

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में (12-15 अगस्त तक) के अनुपालन में आज दिनाक 14 अगस्त, 2022 को प्रातः 07 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी, एवं कार्यालय , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में विश्वविद्यालय के पुरुष छात्रावास से प्रभात फेरी शुरू करते हुए प्रशासनिक भवन के प्रांगण से सरदार भगत सिंह इंस्टीट्यूट (सी. आर. सी.) होते हुए वापस प्रशासनिक भवन तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा भी प्रतिभाग करते हुए प्रभात फेरी में सम्मिलित विद्यार्थियों / स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए प्रभात फेरी का नेतृत्व किया गया।

// प्रेस विज्ञप्ति 3 //

दिनाँक 14 अगस्त, 2022

पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत पुरुष एवं महिला छात्रावास में विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला का हुआ आयोजन |

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत पुरुष एवं महिला छात्रावास में विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया | उक्त के क्रम में पुरुष छात्रावास में "सन 1947 में भारत में एक आंतरिक शांति और व्यवस्था के लिए भारत के विभाजन की अनिवार्यता" विषय पर एक वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | शीर्षक के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार रखने के लिए छात्रों को चार मिनट का समय दिया गया तथा एक मिनट अपने निष्कर्षों को प्रस्तुत करने का समय दिया गया जिसमें कुल 19 विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे | उक्त कार्यक्रम में राजन बाबू को प्रथम, मोनू सिंह द्वितीय एवं राज भारती, सांत्वना राजा व विकास तृतीय विजेता घोषित किए गये |पुरुष छात्रावास के चीफ प्रोवोष्ट / अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आशुतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा रखी | प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. बृजेश कुमार राय एवं डा. पुष्पेन्द्र सिंह रहे | कार्यक्रम का सफल संचालन डा. शशि सौरभ द्वारा सम्पन्न किया गया | इसी क्रम में विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में "विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला" का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में महिला छात्रावास की प्रोवोस्ट डा. विजेता दुआ, सहायक प्रोवोस्ट डा. सुधा राव, डा. अमिता शुक्ला, डा प्रज्ञा श्रीवास्तव महिला छात्रावास के समस्त कर्मचारीगण एवं आवासित छात्राओं ने प्रतिभाग किया किया | शीर्षक के पक्ष अथवा विपक्ष में छात्राओं ने अपने विचार रखे | कार्यक्रम की डांस में विजेता प्रथम , व कनक को कनक, व द्वितीय दीपिका, गाने में रिति प्रथम व लता को द्वितीय स्थान, कविता में रूपवती को प्रथम व रूचि को द्वितीय तथा स्पीच में यमुना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है | महिला छात्रावास की चीफ प्रोवोस्ट डा. शेफाली यादव द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गयी |